**उत्तर प्रदेश और उड़ीसा की सिंचाई योजनाएं**

1501. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या जल संसाधन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश और उड़ीसा की कौन कौन सी सिंचाई तथा पेय जल की योजनाएं कब से केन्द्रीय सरकार के विचाराधीन हैं ;

(ख) इनमें से प्रत्येक योजना की अलग-अलग लागत कितनी है ; और

(ग) इन योजनाओं को स्वीकृति देने में विलम्ब के क्या कारण हैं ?

**जल संसाधन मंत्री (श्री बी शंकरानन्द)** : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभापटल पर रखा दी जाएगी ।

**इलाहाबाद तथा वाराणसी टेलीविजन रिले केन्द्रों को शक्तिशाली बनाया जाना**

1502. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलाहाबाद तथा वाराणसी टेलीविजन रिले केन्द्रों की क्षमता बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री वी. एन. गाडगिल)**: (क) और (ख) जी, नहीं । इलाहाबाद और वाराणसी दोनों में उच्च शक्ति (10 किलोवाट वाले) दूरदर्शन ट्रांसमीटर कार्य कर रहे हैं । इस समय यह देश में लगाए गए दूरदर्शन ट्रांसमीटरों की उच्चतम शक्ति है ।

**Request for import of trawlers by fishery trade owners**

1503. SHRI HARVENDRA SINGH HANSPAL : Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state :

(a) whether the fishery trade owners has requested Government to import trawlers for deep sea fishing;

(b) if so, the number of trawlers sought to be imported ; and

(c) what is the reaction of Government in the matter in view of the fact that the marine fishing is highly export—oriented ?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF AGRICULTURE AND COOPERATION : (SHRI YOGENDRA MAKWANA) : (a) Yes Sir.

(b) A number of Indian fishing companies have applied for permission to import 291 deep sea fishing vessels under schemes of general import, charter obligation, 100% Export Oriented Units and Joint Ventures since January 1983 onwards. However, Letters of Permission have been issued only in respect of 64 deep sea fishing vessels so far.

(c) The Government policy towards deep sea fishing is to build up a sizeable fleet of deep sea fishing vessels in order to optimally utilise the available fishery resources in the Exclusive Economic Zone of the Country.

**ट्रैक्टरों की आवश्यकता**

1504. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1985-86 के वर्ष के दौरान ट्रैक्टरों का राज्यवार मांग कितनी थी, और

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान ट्रैक्टरों की अनुमानित वार्षिक आवश्यकता कितनी होगी ;

**कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाना)** : (क) 1985-86 के दौरान ट्रैक्टरों की वास्तविक बिक्री का विवरण संलग्न है । **(नीचे देखिए)** इस समय ट्रैक्टरों की उपलब्धि में कोई कमी नहीं है, अतः यह मांग को भी दर्शाता है ।

(ख) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ट्रैक्टरों की वार्षिक मांग (जैसा कि सातवीं पंचवर्षीय योजना संबंधी प्रस्ताव तैयार करने